हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025



# तापमान@44, सामान्य से तीन डिग्री अधिक पहुंचा पारा, शाम तक चल रही गर्म हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में गर्मी ने अपना आतंक मचाना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि अप्रैल समाप्त होने से पहले ही तापमान 44 डिग्री पर पहुंच गया है। सुबह से लेकर देर रात तक गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही है। दोपहर में 2 से 4 बजे के बीच सर्वाधिक गर्म हो रहा है। जिसकी वजह से सड़कें खाली रहने लगी है। हाल यह है कि दिन में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन और भीषण गर्मी रहेगी। उसके बाद कुछ राहत मिल सकती है।

अंचल में पिछले दिनों हल्की बारिश की वजह से रात का तापमान सुहाना था, लेकिन बादल छंटते ही शहर तेज गर्मी की चपेट में आ गया। आलम यह है कि पिछले सात दिनों से जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक ही रहा है। सोमवार को दोपहर 3 बजे का तापमान 44 डिग्री के पार हो गया, यह सामान्य से 3 डिग्री अधिक है। इतना ही नहीं अंचल में सुबह 8 बजे से ही गर्म हवा चलने लगी है, जो सुबह 11 बजे से लू में तब्दील हो रही है। गर्मी का असर रात तक देखने को मिल रहा है। दिन के साथ ही रात का तापमान भी 27 डिग्री से अधिक हो गया है। इधर भीषण गर्मी के चलते इन दिनों उल्टी, दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। छोटे बच्चों को सर्वाधिक समस्या आ रही है। ऐसे में डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लू लगने पर पीड़ति को छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटाएं एवं हवा करें। लू से बचाव के लिए जरूरी है कि गर्मी के दिनों में धूप में जाते समय सफेद व हल्के रंग के कपड़े पहनें।

## दोपहर में 2 से 4 बजे के बीच सर्वाधिक तपिश, सेहत पर भी दिख रहा मौसम का असर

### गर्मी के तीन स्तर

विभाग गर्मी को तीन स्तर पर देखता है। इनमें 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.5 डिग्री से अधिक तापमान होने पर भीषण गर्मी मानी जाती है। अधिकतम तापमान के 45 और उससे ऊपर पहुंचने पर सामान्य लू मानी जाती है। वहीं तीसरे स्तर के तहत दिन का तापमान 47 डिग्री तक पहुंचने के साथ ही माना जाता है कि भीषण लू चल रही है। अंचल में सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहा, यानि जिले में भीषण गर्मी का दौर माना जा सकता है।



**ऐसा रहेगा मौसम** : पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 22 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में उत्तर पश्चिमी हवाओं के प्रभाव के कारण मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। इसके कारण उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे जिलों में ग्रीष्म लहर चलने और मध्य छत्तीसगढ़ में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है।

### कूलर-एसी की मांग बढ़ी

इधर गर्मी का कहर बढ़ते ही कूलर, एसी की डिमांड में भी इजाफा हो गया है। शहर में छोटे से लेकर बड़े साईज के कूलर की भारी बिक्री देखने को मिल रही है। हालांकि पानी की किल्लत को देखते हुए लोग एसी की भी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए कई कंपनियों ने ऑफर देना भी शुरू कर दिया है। बताया गया कि किस्तों में एसी मिलने के चलते पिछले कुछ सालों के मुकाबले इस बार इलेक्ट्रॉनिक बाजार का व्यापार बेहतर बना हुआ है।

# संग्रहण केंद्रों में पंद्रह लाख क्विंटल डंप धान को बेचने की तैयारी, ई-नीलामी में शामिल हुए दर्जनभर मिलर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन में किसानों से 3100 की दर में धान खरीदी करने वाली प्रदेश सरकार अब अतिरिक्त धान को बेचने की तैयारी में है। इसके लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले के पांच संग्रहण केंद्रों में डंप लगभग 16 लाख क्विंटल धान के लिए मिलर्स ऑनलाइन बोली लगा रहे हैं। अधिक दाम की बोली लगाने वाले मिलर को धान का स्टेक दिया जाएगा। हालांकि शुरूआती दौर की नीलामी से जो बातें सामने आई, उनके अनुसार सरकार द्वारा तय 2943 से बहुत कम दर मिलर्स ई-नीलामी में भर रहे हैं। ऐसे में सरकार को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले में इस साल 95 धान खरीदी केन्द्र में करीब 70 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इनमें से 16 लाख क्विंटल धान अभी भी संग्रहण केन्द्र में रखा हुआ है। केन्द्र सरकार से अनुमति नहीं मिलने के कारण धान का उठाव नहीं हो पा रहा।

खरीदी केन्द्रों में रखे 16 लाख क्विंटल धान को अब बेचने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे लेकर शासन ने गाईड लाइन जारी करते खरीफ विपणन वर्ष में अतिशेष धान की ऑनलाइन प्लेटफार्म पर नीलामी के लिए नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल धान का रेट प्रति क्विंटल तय नहीं की गई है। राईस मिलर्स अपने अनुसार ही ऑनलाइन धान का रेट तय कर रहे हैं।



### केंद्रों में इतना धान डंप

जिले में पांच संग्रहण केंद्र हैं। इनमें बीजेभांठा संग्रहण केंद्र में 5.27 लाख क्विंटल, सिंघोला संग्रहण केंद्र में 3.15 लाख क्विंटल, घुमका संग्रहण केंद्र में 95 हजार क्विंटल, कलकसा संग्रहण केंद्र में 3 लाख क्विंटल एवं सेवताटोला संग्रहण केंद्र में - लाख क्विंटल धान डंप है। इनकी ही ई-नीलामी की जा रही है। मिलर्स ने ई-नीलामी से पहले इन संग्रहण केंद्रों से धान का सैंपल भी लिया है। जिससे वे अपने अनुसार धान की दर प्रक्रिया में भर सकें।

**घाटे में रहेगी सरकार** : धान की ई-नीलामी को लेकर शासन स्तर से धान बेचने के लिए 2943 रुपए प्रति क्विंटल की दर तय की गई है। हालांकि मिलर्स अपने मन अनुसार ही दर तय कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस खरीफ वर्ष में प्रदेश सरकार ने सभी खरीदी केन्द्र में रखे गए धान को 3100 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा है। वहीं वर्तमान में मंडी में धान 1800 से 2100 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास खरीदा जा रहा, जिस हिसाब से मिलर्स बोली लगा रहे हैं। यदि उसी दर पर सरकार को धान बेचना पड़ा तो सरकार को बड़ा नुकसान होगा। धान का रेट मिलर्स द्वारा ई-नीलामी में धान की कीमत 2 हजार से कम ही रखे जाने की संभावना है। जिससे प्रदेश सरकार को ही आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

### मिलर्स पंजीयन जरूरी


मिली जानकारी के अनुसार धान की ई-नीलामी में शामिल होने से पहले क्रेता पंजीयन के लिए कुछ नियम भी अनिवार्य किए गए हैं। इन नियमों के अनुसार क्रेता यानि राईस मिलर्स के पास मंडी लाइसेंस होना चाहिए, इन्कम टैक्स रिटर्न व पेन नंबर होना चाहिए। उनकी फर्म का जीएसटी पंजीयन जरूरी है। इसके अलावा वार्षिक बैलेंस रिपोर्ट जमा करना होगा।

### सूखत की चिंता, परेशान

अविभाजित जिले में इस बार करीबन 133 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जबकि इन जिले के खरीदी केंद्रों से खरीदी बंद होने के बाद भी धान का उठाव नहीं हो पाया है। ऐसे में समिति प्रबंधकों को अब धान के शॉर्टेज की चिंता हो रही है। तेज गर्मी से सूखत के अलावा केंद्रों में डंप धान को चूहे भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उठाव नहीं होने से समितियों में अलग से चौकीदार की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

### गौ ग्राम जन जागरण यात्रा 20 मई तक

**मोहला।** गाय की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाकर गौसेवा के लिए आम जनता को प्रेरित करने एवं गौ उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग द्वारा गौ शालाओं के माध्यम से 20 अप्रैल से 20 मई तक गौ ग्राम जन जागरण यात्रा प्रारंभ किया जा रहा है।




# ऐतिहासिक धरोहर मां शीतला मंदिर अब पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रियासतकालीन मां शीतला मंदिर परिसर को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन मंडल की टीम ने आज निरीक्षण किया और पर्यटन की दृष्टि से यहां विकास की संभावनाओं को लेकर नगर निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

शहर की कुलदेवी कहे जाने वाली मां शीतला के मंदिर का इतिहास रियासतकालीन है। यहां मां शीतला की प्रतिमा तालाब से प्रकट हुई थी। वहीं इस मंदिर में यहां के दास राजाओं का मठ इस मंदिर को पुरातत्व महत्व से भी ऐतिहासिक बनता है। मां शीतला मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करके इस क्षेत्र में रोजगार और विकास के कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिसे दृष्टिगत रखते आज पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक, महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक और नगर निगम के अधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि पर्यटन, पुरातत्व और संस्कृति विभाग सहित नगर निगम इस क्षेत्र को बेहतर बना सकते हैं, जो पर्यटन की दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इसकी योजना बनाने का काम हम करेंगे।



### पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना

पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि राजनांदगांव में पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना की जाएगी।जिससे यहां विभिन्न जगहों पर आने वाले पर्यटकों का सर्वे होगा, उस आधार पर इन क्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम किया जाएगा।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर का निरीक्षण

अधिकारियों द्वारा मां शीतला मंदिर सहित डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर भी पर्यटन की दृष्टिकोण से विकास को लेकर निरीक्षण किया गया। पर्यटन की दृष्टिकोण से विकास की संभावना को देखते हुए पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने निर्देशित किया है।

### तैयार होगा प्रोजेक्ट

पर्यटन मंडल एवं कलर पुरातत्व के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने कहा कि राजनांदगांव में पर्यटन की संभावनाओं को लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। स्थलों का चयन कर प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा। नगर निगम द्वारा डीपीआर तैयार करने के बाद पुरातत्व और पर्यटन मंडल के माध्यम से इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा।

### टीम करेगी सर्वे

पुरातत्व विभाग के डायरेक्टर विवेक आचार्य ने कहा कि मां शीतला मंदिर परिसर में राजाओं के मठ हैं। वहीं यह मंदिर रियासतकालीन होने के चलते पुरातत्व महत्व की है। इस मंदिर परिसर को विकसित करने के लिए जल्द ही पुरातत्व की टीम यहां निरीक्षण करेगी।

### परिसर का ऐतिहासिक महत्व

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मां शीतला मंदिर परिसर को विकसित करने की योजना लेकर पर्यटन विभाग द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। यहां राजा के महल सहित ऐतिहासिक रानीसागर, बूढ़ासागर और मां शीतला का मंदिर है। ऐसे में ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन स्थल बनाकर इसे विकसित किया जाएगा।

### कार्ययोजना बनाने निरीक्षण

पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि मां शीतला का मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है और रियासतकालीन धरोहर है। इस परिसर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की दिशा में काम करने के लिए पर्यटन मंडल पुरातत्व और नगर निगम के साथ कार्य योजना बनाई जाएगी। जिसको लेकर अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया है।

0 **राजनांदगांव।** शहर में पर्याप्त साफ सफाई के अभाव में मच्छरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। खासकर ग्रामीण एवं श्रमिक बाहुल्य इलाकों में शाम होते ही मच्छरों के प्रकोप से हलाकान होना पड़ रहा है।

### माय एंगल









## खबर संक्षेप

### श्रद्धा से मनायी आंबेडकर जयंती



**छुईखदान।** ब्लाक स्तरीय अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन झुरानदी में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वक्ता मनोज साहू ने बाबा साहेब के संघर्ष, संविधान से मिले अधिकारों के बारे मे बताया। कार्यक्रम के आरंभ में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस मौके पर डां अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान, सामाजिक बदलाव के प्रयास आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर संतोष कामडे, केदार मेश्राम, रविशंकर बंसोड, राज मेश्राम, सुनील मेश्राम, इशू रामटेके, दिनेश वैष्णव, विनोद रजक, कमल उके, देवव्रत, पप्पू, परेटन मेश्राम, पीयूष मेश्राम, मेघराज चौरे, अरुण उके आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### हिन्दुओं पर हमले का विरोध



**छुरिया।** वक्फ कानून के विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल के फैली हिंसा और हिन्दुओं को प्रताड़ित करने की घटना के विरोध में विहिप और बंजरग दल ने नगर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी ने एक स्वर में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। विहिप एवं बंजरग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का पुतला दहन पुराना बस स्टैंड में किया। थाना प्रभारी संतोष भुआर्य को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान हुकुम साहू, कमलेश पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, शेखर भारद्वाज, गिरधारी साहू, धर्मेन्द्र साहू, मोहित वैष्णव, मेकरलाल साहू, इन्द्रकुमार साहू, मेष साहू, रवि वैष्णव, तेज कुमार, पलटू साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### बैंक की कार्यप्रणाली को जाना छात्रों ने



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डां अंजना ठाकुर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। बीए सेकंड सेमेस्टर में आयोजित व्याख्यान का कला संकाय विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने शुभारंभ किया। इस मौके पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ काव्या जैन ने विद्यार्थियों को बैंक, उसके कार्य, प्रकार, निवेश के तरीके, मुद्रा ट्रांजैक्शन, चेक, चेक के प्रकार आदि से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को चेक का रेखांकन, रेखाकंन की आवश्यकता आदि की भी जानकारी दी। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया।

### फारेंसिक टीम पहुंची मौके पर, नकाबपोश का खुलासा जल्द

**सड़क अतरिया।** तीन दिन पहले नाकाबपोश चोरों ने मकान मालिक को बंधक बना कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गंड़ई पुलिस लगातार पतासाजी में जुटी है। चोर तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज एवं डांग स्क्वाड की मदद लेने के बाद सोमवार को फारेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। कुछ चीजें जांच के लिए अपने साथ ले गई है। बताया जा रहा है जल्द ही पुलिस नाकाबपोश चोरों का पर्दाफाश कर सकती है। घटना के बाद से फारेंसिक जांच के लिए मकान को बंद कर रखा गया था। सोमवार को फारेंसिक जांच के बाद घर वालों को मकान में प्रवेश करने की अनुमति दिया गया। घर एवं पड़ोसियों का बयान लेकर तहकीकात का दायरा बढ़ा दिया गया है। साल भर में चोर गांव के लगभग दर्जन भर घरों को अपना निशाना बना चुके हैं।

### स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवा वितरण



**टाटेकसा।** एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एमएमयू टीम राजनांदगांव ने मकरनपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में नौ गांवों के 282 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 25 का पैथोलॉजी परीक्षण किया गया। जांच के बाद निः शुल्क दवाई वितरण किया है। जनपद सदस्य गिरिजाबती कंवर, सरपंच रामलाल दांडेकर आदि ने पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के तत्वावधान में 20 गांवों पर मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रही है जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है। शिविर में डॉ डी साहू, डॉ एल साहू, डॉ ईश्वर यादव, योगेश चौहान, सरपंच, मितानिन, दीपिका जोशी, आशीष साहू, सूर्यकांत नेताम, निखिल सहारे मौजूद थे।

### मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन 24 को



**सड़क अतरिया।** नाहटा परिवार की बेटी ने छ माह पूर्व दीक्षा लेकर संयम के पथ पर अग्रसर हो गई थी जिससे प्रभावित होकर उसके छोटे भाई गौरव ने भी संयम के पथ पर चलने निर्णय लिया है। नाहटा परिवार ने मुमुक्षु के निर्णय का स्वागत किया है। आचार्य प्रवर रामलाल एवं राजेश मुनि के सानिध्य में सड़क अतरिया निवासी स्व दिलीप नाहटा एवं मां प्रमिला नाहटा का पुत्र गौरव नाहटा की आगामी 30 अप्रैल को राजस्थान के गंगा शहर भीनासार में दीक्षा होने की संभावना है। दीक्षा पूर्व परिवार, समाज एवं ग्रामीणों द्वारा उनका अभिनंदन गुरूवार को किया जाएगा। सुबह सवा आठ बजे वरघोड़ा निकाला जाएगा। बरघोड़ा पंचायत भवन से भजन के साथ निज निवास पहुंचेगा। तत्पश्चात अभिनंदन किया जायेगा। इसके बाद मेहंदी, गौतम प्रसादी, हाथ काम, वीरा बधाना, गुरू भक्ति डोरा बंधन सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। मुमुक्षु गौरव नाहटा अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है। उसका बचपन से गुरू भक्ति और भजन कीर्तन में लगाव रहा। छह माह पहले उसकी बहन ने भीलवाड़ा में आचार्य रामेश के सानिध्य में दीक्षा ग्रहण किया था। बहन की पहल से प्रभावित होकर गौरव नाहटा ने भी संसारिक मोह त्याग कर संयम के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है।

## नीम हकीम की तर्ज पर चल रहे पैथोलाजी लेब

# ब्लड रिपोर्ट आई पाजीटिव और निगेटिव भी, कैसे होगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सरकारी पैथालॉजी और सरकारी डाक्टर द्वारा सत्यापित टेस्ट रिपोर्ट के अलग अलग होने का दिलचस्प मामला सामने आया है। इस घटना के साथ स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में नीम हकीम की तर्ज पर शहर में चल रहे आधा दर्जन पैथलाजी लेब की पोल खुलकर सामने आ गईं है। इस आशय के खुलासे के बाद भी स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक बनकर लोगों के बेमौत मरने का इंतजार कर रहा है।

पता चला है कि स्वास्थ्यगत परेशानी के बाद एक व्यक्ति उपचार कराने निजी डाक्टर के पास गया था। लक्षण देखकर डाक्टर ने टायफाइड टेस्ट कराने की सलाह दी थी। डॉक्टर की सलाह पर उसने 13 अप्रैल को प्रायवेट पैथालॉजी सेंटर में टेस्ट कराया तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वही 15 अप्रैल को सरकारी अस्पताल की लेब में जांच होने पर रिपोर्ट मे टाइफाइड निगेटिव होने की पुष्टि की गई। दो रिपोर्ट सामने आने के बाद बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया कि किस रिपोर्ट को सही मना जाए। दोनों में से किसी एक रिपोर्ट को सही मानकर उपचार करना जानलेवा साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि शहर में आधा दर्जन पैथालाजी लेब संचालित है। कलेक्शन सेंटर के नाम पर लेब चला कर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### गलत रिपोर्ट से उपचार सवालों के घेरे में




#### मासूम को पिलाया एक्सपायरी दवा

कुछ महीने उल्टी होने पर बच्ची के माता पिता उसे सरकारी हॉस्पिटल ले गए थे। देर रात तक कवायद करने के बाद भी संबंधित डाक्टर उपचार करने नहीं पहुंचा। उपचार के नाम तैनात नर्स ने तीन महीने पहले एक्सपायर हो चुका सिरप पिला दिया था। साइड इफेक्ट नहीं होने के कारण यह मामला दब गया था। इसी प्रकार एक महिला के गर्भ में जुडवा बच्चा होने की पुष्टि होने पर 800 के बजाए 1600 रूपए वसूल लिया गया था।

#### नहीं हो रही जांच

बिना डिग्री के पैथोलॉजी लैब और कथित डाक्टरों द्वारा क्लीनिक का संचालन पूरे क्षेत्र में किया जा रहा है किन्तु स्वास्थ्य विभाग जांच और कार्रवाई करने के बजाए उन्हे पनाह दे रहा है। इस मामले को लेकर कई बार सवाल खड़े हो चुके हैं। किंतु स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने में रत्ती भर भी रुचि नहीं दिखा रहा है।

#### बिना डिग्री के लेब संचालन

जानकारी के अनुसार पैथालाजी लेब खोलने के लिए मास्टर आफ पैथालाजी की डिग्री होना आवश्यक हैं। शहर सहित ब्लाक में चल रहे पैथलाजी लेब के किसी भी संचालक के पास यह डिग्री हैं। सभी लेब नीम हकीम की तर्ज पर चल रहे हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व मे रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने के एवज मे एक डाक्टर को डेढ़ लाख सालाना दिया जाता था। वर्तमान में लेब संचालको द्वारा बीएमओ डॉ रागिनी चंद्रे से कथित हस्ताक्षर से रिपोर्ट जारी किया जा रहा है। रिपोर्ट देखे बिना ही बीएमओ के डिजिटल साइन का उपयोग कर रिपोर्ट जारी किया जा रहा है।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष ठाकरे ने दिया इस्तीफा

## बेजा हरकत से थे नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



जिला इंका अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश इंका अध्यक्ष दीपक बैज को लिखे पत्र में त्यागपत्र देने का कारण व्यक्तिगत एवं पारिवारिक बताया है। उन्होंने कहा है कि वह समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन के लिए कार्य करते रहेंगे।

श्री ठाकरे के इस्तीफा देने से वनांचल में नाराजगी देखी जा रही है। ज्ञात हो कि यह पहला मौका था जब वनांचल के नेता को कांग्रेस में बड़ा पद मिला था।

श्री ठाकरे के कार्यकाल में यशोदा नीलांबर वर्मा दूसरी बार विधानसभा चुनाव जीतने में कामयाब हुई थी। संभाग में केवल खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले की दोनों नगर पंचायत छुईखदान गंडई में कांग्रेस ने सफलता हासिल किया था। कांग्रेस की सफलता में श्री ठाकरे का बड़ा हाथ रहा, जिसे लेकर पूरे प्रदेश में उन्हे शाबाशी मिली थी। पिछले कुछ महीनों से जिले में समानांतर कांग्रेस का संचालन की खबर आ रही थी जिसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी।

#### धक्का-मुक्की की घटना

पिछले दिनों खैरागढ़ के एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने वरिष्ठ कांग्रेसी के यहां विवाह समारोह में श्री ठाकरे के साथ धक्का मुक्की किया था। यहां विधायक और जिले के कांग्रेस नेता उपस्थित थे। इस घटना के बाद से श्री ठाकरे नाराज चल रहे थे।

### सभापति ने किया आवास का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत की सभापति अनिता मंडावी ने साय सरकार तुमर द्वार अभियान के तहत पहाड़ों के बीच बसे कौहापानी, कुरेझर जाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओँ के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने सरपंच, रोजगार सहायक, आवास मित्र को प्रधानमंत्री आवास के लिए सभी पात्र व्यक्तियों का सर्वे करने का निर्देश दिया।

उन्होंने पीपरखारकला, कुर्सीपार खामपुर में स्वीकृत आवास का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया। पीटेपानी में उन्होंने आवास का सर्वे किया। इस मौके पर उकारसिंह ठाकुर, विश्राम मंडावी, विष्णु वर्मा, दिनेश मंडावी, आसाराम नेताम, गोवर्धन नेताम, लता सोरी, उमेद पटौती मौजूद थे।

# परशुराम जयंती पर दो दिन तक होंगे कार्यक्रम

- बैठक में बनी आयोजन की रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विप्र भवन में ब्राम्हण समाज की बैठक हुई, जिसमें आगामी 29 एवं 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती मनाने का निर्णय लिया गया।

पहले दिन 29 अप्रैल को महिलाओ के लिए रंगोली, थाल सजाओ प्रतियोगिता, मोमबत्ती जलाना सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी बच्चों के लिए ड्राईंग, पेंटिंग, जलेबी दौड़, भगवान परशुराम के जीवन पर निबंध, चौपाई, दोहा सहित अन्य धर्मिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

दूसरे दिन सुबह ब्राम्हण बटुकों का उपनयन संस्कार, सुंदर कांड के बाद शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण किया जाएगा।

विप्र भवन में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के पश्चात पुरुस्कार वितरण, मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान प्रसादी वितरण किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष अनिल पांडेय, दुर्गेश शुक्ला, युवराज शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, अमिताभ पांडे, ललित शर्मा, चंद्रमणि ओझा, महेंद्र शर्मा, प्रमोद शुक्ला, वासुदेव पांडेय, लक्ष्मण पांडेय, अशोक पांडे, वासुदेव मिश्रा, पुरुषोत्तम दुबे , पूरण शर्मा, शशांक उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण, राहुल मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, शिशिर मिश्रा, ऋषि मिश्रा, रवि दुबे,आदित्य मिश्रा, अक्षत गर्ग, मनीष तिवारी, अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# स्कूल में पढ़ाई के साथ संगीत की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टेड़ेसरा

व्यवसायिक शिक्षा के तहत बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने प्राथमिक शिक्षा के साथ ही संगीत शिक्षा देने की अभिनव पहल राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षिका पारुल चतुर्वेदी कर रही है।

श्रीमती चतुर्वेदी के नेतृत्व में टेड़ेसरा के विद्यार्थियों ने गत दिनों गायन की परीक्षा में शामिल हुए। श्रीमती चतुर्वेदी कई वर्षों से बच्चों को संगीत की शिक्षा दे रही है। यह विद्याथी प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ के माध्यम से परीक्षा में शामिल होते हैं। श्रीमती चतुर्वेदी का उद्देश्य है कि बच्चे व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत गायन की डिग्री प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़े हो सके। उन्होंने बताया कि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आसपास के गांव के बच्चों को गोद लेकर संगीत की शिक्षा दे रही है। संगीत शिक्षा के लिए प्रत्येक शनिवार को तीन घंटे का समय निर्धारित है। श्रीमती चतुर्वेदी की पहल का सरपंच खिलेश्वर साहू, पालकों एवं ग्रामवासियों ने स्वागत किया है।



### विद्यार्थियों को हेल्थ केयर का प्रशिक्षण



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 11वीं एवं 12वीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत हेल्थकेयर के 54 विद्यार्थियों ने प्राचार्य केके साहू के नेतृत्व एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में 10 दिवसीय इनटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने बेड मेकिंग, महत्वपूर्ण संकेत की जांच, मरीजों की बेसिक केयर, शुगर, बीपी जांच, इंजेक्शन लगाना, ड्रिप लगाना, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का निरीक्षण किया। विद्धार्थी उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के साथ सहायक सामाग्रियों से भी परिचित हो रहे हैं। विद्यार्थियों को उपचार के दौरान सावधानियों के बारे में बताया जा रहा है। इस दौरान 11 वीं के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से फाइलेरिया तथा 12 वीं के विद्यार्थियों ने उच्च रक्तचाप से संबंधित मरीज तथा उनके परिजन को जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ उदय तिवारी, प्रियंका, गौरव तथा अन्य के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## साहू समाज ने मनायी कर्मा जयंती

# जयंती पर निकाली शोभायात्रा, मंच निर्माण के लिए दो लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा



ग्राम केकराजबोड़ में परिक्षेत्र स्तरीय भक्त कर्मा माता जयंती महोत्सव का आयोजन परिक्षेत्रीय साहू समाज करमतरा, ग्राम पंचायत सलोनी एवं ग्राम इकाई केकराजबोड़ के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे।

अध्यक्षता टीलेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि गिरधारी साहू, घम्मन साहू, सौरभ साहू, खेमराज जैन, पुरानिक वर्मा, दशरथ बघेल थे। इस मौके पर कवि दूजराम साहू, पद्मा साहू ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

#### आयोजन में शामिल हुए सामाजिकजन

जयंती कार्यक्रम के तहत बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम भ्रमण के बाद मां कर्मा की महाआरती एवं ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कर्मा माता के जीवन पर प्रकाश डाला। सरपंच सौरभ कुमार साहू की मांग पर सांस्कृतिक मंच के लिए 2 लाख देने की घोषणा श्री सिंह ने की । घम्मन साहू ,टीलेश्वर साहू के उद्बोधन बाद महाप्रसादी एवं भोजन भंडारा का वितरण किया गया। संचालन गोपाल राम साहू ने किया। इस दौरान जगेशर साहू, संतोष साहू, महेन्द्र साहू, यदुकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

# गेहूं से भरा ट्रक पलटा चालक-परिचालक सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सोमवार को सड़क अतरिया और कुकुरमुडा चौक के मध्य गेहूं से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा में वाहन एवं माल का नुक़सान हुआ किन्तु चालक-परिचालक सुरक्षित हैं।

जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश से गेहूं भर कर ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 8812 टेडेसरा जा रहा था। सुबबह लगभग साढ़े 6 बजे सड़क अतरिया से निकलकर कुकुरमुडा चौक पहुंचने से पहले सड़क किनारे पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक में गेहूं भरा था जो एक तरफ से झुक रहा था। वाहन चालक बैलेंस बना कर वाहन को नियंत्रित कर पाता इससे पहले वह पलट गया। इस हादसा में चालक- परिचालक को मामूली चोट आई है।

#### ओवर लोड़ की जांच नहीं

इस हादसे का कारण वाहन का ओवर लोड़ होना बताया जा रहा है। राजनांदगांव कवर्धा तथा नर्मदा से साल्हेवारा मार्ग में विभागीय जांच नहीं होने से ओवरलोड़ वाहन बेधड़क चलते हैं जिनकी रफ्तार भी काफी तेज होती है। आपातकाल में वाहन को नियंत्रित नहीं हो पाते तथा दुर्घटना हो जाती है।

### जिले की 20 पंचायत होगी डिजिटल

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र खोलने का स्वागत किया है। इस पहल से गाँव के लोगों को सुविधा मिलेगी। ग्रामीण एक जगह से नगद सेवा, खाते से राशि का आहरण, जमा, अन्य खाते में ट्रांसफर, बिजली पानी का भुगतान, रेलवे टिकिट, छात्र वृत्ति का लाभ उठा सकेंगे। लोगों को अपने छोटे कार्यों के लिए जिला, ब्लाक मुख्यालय या बैंक नहीं जाना पडेगा। सभी कार्य अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र से होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1460 पंचायत में यह सुविधा होगी। प्रत्येक ब्लाक की 10 पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सेवा शुरू किया जा रहा है। खैरागढ़ ब्लाक में बलदेवपुर, चारभाटा, चिचोला, देवरीभाट, ढोलिया कंहार, गर्रापार जोरातराई, मुतेड़ा, मुढ़ीपार, जूनवानी, छुईखदान ब्लाक में आमगांव, बागुर, चोभर, धोधा, कोपरो, खादी, संडी, कुम्भरवाडा, पेंडरवानी, रामपुर में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर किया स्वागत

# नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सोमवार दोपहर जिला कार्यालय में पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। जिनका जिला कार्यालय पहुंचने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। नवपदस्थ कलेक्टर श्री चन्द्रवाल 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे बालोद जिले मे कलेक्टर थे।

नव पदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर



श्री चन्द्रवाल ने सभी अधिकारियों का संक्षिप्त परिचय प्राप्त किया। इस दौरान एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, तहसीलदार खैरागढ़ आशीष देवहारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

#### मीडिया से हुए मुखातिब

नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से जिले की विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधूरी योजनाओं को पूरा करने की बात के साथ कहा कि सब मिलजुलकर नए जिले को बेहतर बनाने की दिशा मे काम करेंगे। बुनियादी ढांचे मे जोर देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियांवयन व सुविधाओं में बढ़ोतरी सहित सेवा को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन की मंशा है कि सभी विभाग और लोग मिलकर आपसी समंवय बनाकर काम करे ताकि सेवा समय पर मिले और समस्याओं का सामना कम करना पड़े। इस दौरान सड़क जाम, अव्यवस्थित पांर्किग व बदहाल यातायात, बाईपास के आधे अधूरे पुलो को लेकर कहा कि समाधान की दिशा मे प्रयारस जल्द नजर आएगा। वही कलेक्टोरेट में आरटीओ, रोजगार कार्यालय सहित अन्य विभागीय कार्यालय तीन साल बाद भी नही खुलने को लेकर आश्वस्त किया कि इसके लिए शासन स्तर पर संवाद किया जाएगा ताकि कार्यालय जल्द शुरू हो। जिले के विकास को लेकर उन्होंने मीडिया से सुझाव भी मांगा और कहा कि कि सभी के सहयोग से जिले की विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे।



## कलेक्टर ने किया जिला कार्यालय का निरीक्षण

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री चन्द्रवाल ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने अधिकारियों को जिला कार्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित समय अवधि में अपने कार्यों को बेहतर ढंग से संपादित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू एवं डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जिला कार्यालय में स्थित कलेक्टर न्यायालय, नजूल कक्ष, स्वान कक्ष, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय, नजारत कक्ष, आवक-जावक कक्ष, वित्त शाखा, कृषि, उद्यानिकी, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागीय कक्षों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने खनिज शाखा, आदिवासी विकास विभाग आदि का निरीक्षण कर उनके विभागों के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने जनसम्पर्क विभाग, योजना एवं सांख्यिकी शाखा, आबकारी विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने निर्वाचन शाखा सहित अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# निजी चिकित्सालयों का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय राजनांदगांव में पंजीकृत 28 निजी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टीम द्वारा योजनांतर्गत पंजीकृत निजी चिकित्सालय गांधी नर्सिंग होम एनआईसीयू बसंतपुर, गांधी नर्सिंग होम सदर बाजार, उदयाचल चैरिटेबल आई हॉस्पिटल, एनबी केयर हॉस्पिटल, डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल एवं सुंदरा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया।

अस्पताल निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती सभी मरीजों का योजना अंतर्गत नियमानुसार आयुष्मान कार्ड से ईलाज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।

अस्पताल निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक विष्णु प्रसाद साहू, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत ऐश्वर्य साव, स्वास्थ्य मितान सूर्यकांत वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### कार्ड पंजीयन पात्रता अनुसार करें

अस्पताल में कार्यरत सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ एवं पैरामेडिकल स्टॉफ का आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत एचपीआर पंजीयन करने, समस्त मानव संसाधन की नियुक्ति आदेश, ज्वॉइनिंग व वेतन भुगतान संबंधी रिकार्ड संधारित करने एवं अस्पताल में ओपीडी व आईपीडी मरीजों के साथ आने वाले परिजनों का आयुष्मान कार्ड एवं वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन पात्रतानुसार किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्य कार्यालय को योजनांतर्गत पंजीकृत सभी निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण कर जानकारी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाएगी।

## सड़क मार्ग पर मिला युवक का शव

**डोंगरगढ़।** करवारी से लतमर्रा मार्ग के बीच रविवार को अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले को संज्ञान में लिया। पूछताछ करने पर युवक की पहचान कन्हारगांव के देवलाल मंडवी के रूप में हुई। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि घटना क्रम हत्या नजर आ रहा है।

## आश्रितों का किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**राजनांदगांव।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर में बाल्को मेडिकल सेंटर के डॉ. रश्मि राय, एएसजी नेत्र अस्पताल के डॉ. विकास यादव, आरोग्यम हास्पिटल के डॉ. श्रृषा साहू की टीम द्वारा पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया। शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर, नेत्र जांच सहित अन्य जांच की गई। जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। बालको मेडिकल सेंटर द्वारा महिलाओं का विशेष उपचार किया गया। शिविर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन बृजेश कुमार शर्मा, ईसीएचएस पालीक्लिनिक के ओआईसी कैप्टन (आइएन) अर्जित दास, कल्याण संयोजक एसी पंत सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

## उत्तर-पूर्व क्षेत्र के 35 विद्यार्थियों को मिली आर्थिक सहायता



- इंदिरा विवि के विद्यार्थियों को राज्यपाल द्वारा स्वेच्छानुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत उत्तर-पूर्व क्षेत्र के 35 विद्यार्थियों को विवि के कुलाधिपति व राज्यपाल द्वारा स्वेच्छानुदान मद से वित्तीय वर्ष 24-25 अंतर्गत पांच हजार रुपए प्रति विद्यार्थी की दर से कुल 1 लाख 90 हजार रूपयो की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। राशि को राजभवन से विद्यार्थियों के खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित किया गया।

सहायता राशि को विद्यार्थियों तक पहुंचाने विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में लाभार्थी विद्यार्थियों को आमंत्रित कर कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने स्वीकृति आदेश की प्रतियाँ प्रदान की। इस अवसर पर कुलपति ने माननीय कुलाधिपति व राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता राशि विद्यार्थियों की शिक्षा और प्रशिक्षण में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस राशि का सदुपयोग करने की सलाह दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विवि प्रशासन को आशा है कि इस पहल से विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती मिलेगी और वे अपने कौशल को और विकसित कर सकेंगे। विवि प्रशासन सहित लाभार्थियो ने आर्थिक सहायता के लिए राज्यपाल का विशेष आभार व्यक्त किया है।

# किरगी ब में निकाली गई जल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला प्रशासन व विभिन्न संगठनों एवं जनसामान्य द्वारा जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नागरिकों में जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम किरगी में नीर और नारी जल यात्रा के संदेश के साथ ग्रामवासियों के सहयोग से जल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल संरक्षण के लाभ से ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

जल कलश यात्रा में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू, जनपद सदस्य उमेश साहू, किरगी ब सरपंच इंद्रानी साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।




#### जिला सेमीक्रिटिकल जोन घोषित

पद्मश्री फुलबासन यादव ने ग्रामीणों को बताया गया कि राजनांदगांव जिला सेमीक्रिटिकल जोन घोषित हो गया है, ऐसी स्थिति में जिलेवासियों की जल संरक्षण को गंभीरता से लेते भविष्य में पेयजल समस्या से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी में मानव ही संजोने व संवारने का काम कर सकते हैं, प्रकृति से मिले इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना होगा। मानव को सभी जीव-जंतुओं के बारे में भी सोचना चाहिए, जिनको जल संकट से परेशानी हो सकती है।

## 50 हजार रूपए की सहायता दी गई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार शहर की नंदई निवासी कैंसर पीड़ित श्रीमती ललिता यादव को 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सह सचिव रेडक्रास सोसायटी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि श्रीमती ललिता यादव घर-घर जाकर चौका बर्तन का काम करती है। उन्हें मुंह व गले में कैंसर है। संजीवनी रायपुर में इलाज चल रहा है, इनके इलाज में लगभग 5-6 लाख रूपए का खर्च होगा।

## प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- विधायक ने निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पखवाड़ा के तहत खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत जोंधरा के आश्रित ग्राम मोहगांव का निरीक्षण किया और कार्यों की समीक्षा की।

विधायक साहू द्वारा ग्राम की चितरेखा का आवास प्लस 2.0 अंतर्गत किए गए सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत हितग्राही टार्जन के आवास निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने हितग्राही से चर्चा कर आवास निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया तथा योजनांतर्गत दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पखवाड़ा अंतर्गत पात्र परिवारों को शामिल करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधिगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

### नित नई बुलंदियों की ऊंचाइयों को छूते रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में 12वीं बोर्ड की परीक्षा संपन्न होने के उपरान्त विद्यार्थियों के लिए विद्यालय द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं व 12वीं विद्यार्थी शामिल हुए।

स्वागत भाषण गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन द्वारा दिया गया। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते कहा कि आप नित नई बुलंदियों की ऊंचाईयों को छूते रहें, जहां भी आपका लक्ष्य हो वहां आप अपने संस्कारों को, सद्व्यवहारों को न भूलें।

मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सूर्यकान्त चितलांग्या ने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते नित्य कर्मरत होने का संदेश दिया। प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि आप सभी का जीवन मंगलमय हो, लक्ष्य को हासिल करने में हो सकता है बाधाएं हो पर आपको उन बाधाओं से हिम्मत नहीं हारना है, हर चुनौती को स्वीकार कर, मुस्कुराकर आगे बढ़ते रहें।

शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष उषा झा के अनुसार आयोजन में शाला के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत, नाटक प्रस्तुत किए गए। अंत में विद्यार्थियों ने दीप दान में शामिल होकर शिक्षकों से आशीर्वाद लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्डा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खण्डेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकगण शामिल थे।

### अस्पताल में भर्ती मरीजों को किया गया फलों का वितरण

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में मना विश्व लीवर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर मंडावी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राकेश वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. सीमा ठाकुर के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में विश्व लीवर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया गया।

इस वर्ष विश्व लीवर दिवस 2025 की थीम फूड इस मेडिसीन रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य अच्छा और संतुलित आहार लेने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। लीवर को स्वस्थ रखने संतुलित और हेल्दी डाइट लेने से न सिर्फ बीमारियों से बचाव संभव होता है, बल्कि ये शरीर को स्वस्थ रखने और किसी बीमारी का इलाज करने या जल्दी ठीक करने में अहम भूमिका निभाता है। यह थीम लोगों को यह समझाने के लिए तय की गई है कि लीवर के देखभाल के लिए न सिर्फ दवाओं पर निर्भर रहना चाहिए, बल्कि सही खानपान से भी आप अपने लीवर को स्वस्थ रख सकते हैं।



विश्व लीवर दिवस की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन और लीवर संबंधी संस्थाओं ने एक साथ मिलकर की थी, ताकि हेपेटाइटिस, फैटी लीवर, लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के बारे में लोगों को समय रहते जानकारी दी जा सके। खासतौर पर विकासशील देशों में जहां खानपान की आदतें बिगड़ती जा रही है और शारीरिक गतिविधियां कम होने के कारण लोगों में लीवर से जुड़ी समस्याएं तेजी से फैल रही है। साल 2012 में 19 अप्रैल के दिन पहली बार इस दिन को मान्यता दी गई। जिसके बाद से हर साल 19 अप्रैल को विश्व लीवर दिवस मनाया जाता है।

#### लीवर को कैसे रखें सुरक्षित

लीवर को स्वस्थ रखने एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। इनमें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, शराब का सेवन कम करना, विषाक्त पदार्थों से बचना और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना शामिल है। संतुलित आहार, फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दुबला प्रोटीन और स्वस्थ वसा का सेवन करें, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, मीठे पेय और संतृप्त वसा से बचें।

#### तनाव का प्रबंधन करें

तनाव लीवर को प्रभावित कर सकता है। तनाव कम करने के लिए योग, ध्यान या अन्य तनाव-रोधी तकनीकों का अभ्यास करें। अपने और अपने लीवर का जरूर ख्याल रखें। विश्व लीवर दिवस में संकल्प लें कि कम से कुकिंग ऑइल का उपयोग करें। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला के समस्त स्टाफ एवं मितानिन उपस्थित थे।

#### नियमित व्यायाम

हर दिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें। जैसे तेज चलना या तैरना, व्यायाम लीवर पर तनाव कम करता है और मोटापे को रोकता है। शराब का सेवन लीवर के लिए हानिकारक हो सकता है। अगर आप शराब पीते हैं, तो सीमित मात्रा में ही पीये।

#### विषाक्त पदार्थों से बचें

- धूम्रपान, अवैध दवाओं और कुछ रसायनों से बचें। हेपेटाइटिस के विरुद्ध टीका लगवाएं, हेपेटाइटिस ए और बी के विरुद्ध टीका लगवाने से लीवर को नुकसान से बचाया जा सकता है।
- अपनी दवाओं के बारे में अपने डॉक्टर से बात करें। खासकर यदि आप पहले से ही कोई दवा ले रहे हैं।
- नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं
- नियमित स्वास्थ्य जांच लीवर की समस्याओं का पता लगाने में मदद कर सकती है।

# आवास प्लस सर्वे, पूर्व विधायक पहुंचे बाजगुड़ा



**खैरागढ़।** आवासहीन को आवास उपलब्ध कराने पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने पीएम आवास योजना तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पखवाड़ा अंतर्गत ब्लाक के बाजगुड़ा मे सरपंच, रोजगार सहायक, पंच व ग्रामवासियो सहित सर्वेक्षण टीम के साथ पात्र हितग्राहियों के घर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्का मकान को लेकर हितग्राहियों से भेंटकर उनका नाम सूची में जोड़ने सहयोग किया। कोमल जंघेल ने अपील किया कि जो पात्रता रखने के बावजूद किसी ना किसी कारणवश प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो गए हैं उनका नाम सर्वे सूची में सम्मलित करने विशेष प्रयास करे ताकि प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार मोदी की गारंटी को अमलीजामा पहनाने मे सफ हो। इस दौरान सरंपच संजय वर्मा, मुकेश वर्मा, विनोद, रुपेश, जगराखन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय महरा-झारिया समाज का सामाजिक सम्मेलन 26 अप्रैल को





**कवर्धा।** कवर्धा। महरा-झारिया समाज का दो दिवसीय सामाजिक सम्मेलन 26 व 27 अप्रैल को भव्य आयोजन ग्राम नवागांव में किया जाएगा, वहीं महासम्मेलन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र विवरण किया जाएगा। महरा-झारिया कल्याण संघ जिला कबीरधाम का स्थापना, आय-व्यय का हिसाब-किताब, पदाधिकारियों का चयन सहित अन्य सामाजिक विषयों पर परिचर्चा की जाएगी। जिस पर जिलाध्यक्ष रामकुमार झारिया ने बताया कि प्रथम दिवस 26 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू व ग्राम पंचायत सरपंच मोहित जायसवाल होंगे। वहीं द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, एसआर शैलेन्द्र प्रदेश अध्यक्ष सर्व महरा समाज, मोहन झारिया प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व महरा समाज उपस्थित होंगे। समाज के संरक्षक छोटूराम झारिया, पुनक झारिया, गीता झारिया, नकछेदा झारिया, चतुर झारिया, महासिंग झारिया सहित आयोजक रामकुमार झारिया अध्यक्ष, शंकरलाल झारिया उपाध्यक्ष, रामभजन झारिया सचिव, बद्रीनारायण झारिया, तिलक झारिया मीडिया प्रभारी व सामाजिक गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

### स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवा वितरण

**टाटेकसा।** एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एमएमयू टीम राजनांदगांव ने मकरनपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में नौ गांवों के 282 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 25 का पैथोलॉजी परीक्षण किया गया। जांच के बाद निः शुल्क दवाई वितरण किया है। जनपद सदस्य गिरिजाबती कंवर, सरपंच रामलाल दांडेकर आदि ने पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के तत्वावधान में 20 गांवों पर मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करा रही है जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है। शिविर में डॉ डी साहू, डॉ एल साहू, डॉ ईश्वर यादव, योगेश चौहान, सरपंच, मितानिन, दीपिका जोशी, आशीष साहू, सूर्यकांत नेताम, निखिल सहारे मौजूद थे।

### मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन 24 को

**सड़क अतरिया।** नाहटा परिवार की बेटी ने छ माह पूर्व दीक्षा लेकर संयम के पथ पर अग्रसर हो गई थी जिससे प्रभावित होकर उसके छोटे भाई गौरव ने भी संयम के पथ पर चलने निर्णय लिया है। नाहटा परिवार ने मुमुक्षु के निर्णय का स्वागत किया है। आचार्य प्रवर रामलाल एवं राजेश मुनि के सानिध्य में सड़क अतरिया निवासी स्व दिलीप नाहटा एवं मां प्रमिला नाहटा का पुत्र गौरव नाहटा की आगामी 30 अप्रैल को राजस्थान के गंगा शहर भीनासार में दीक्षा होने की संभावना है। दीक्षा पूर्व परिवार, समाज एवं ग्रामीणों द्वारा उनका अभिनंदन गुरूवार को किया जाएगा। सुबह सवा आठ बजे वरघोड़ा निकाला जाएगा। बरघोड़ा पंचायत भवन से भजन के साथ निज निवास पहुंचेगा। तत्पश्चात अभिनंदन किया जायेगा। इसके बाद मेहंदी, गौतम प्रसादी, हाथ काम, वीरा बधाना, गुरू भक्ति डोरा बंधन सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। मुमुक्षु गौरव नाहटा अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है। उसका बचपन से गुरू भक्ति और भजन कीर्तन में लगाव रहा। छह माह पहले उसकी बहन ने भीलवाड़ा में आचार्य रामेश के सानिध्य में दीक्षा ग्रहण किया था। बहन की पहल से प्रभावित होकर गौरव नाहटा ने भी संसारिक मोह त्याग कर संयम के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है।

### नीम हकीम की तर्ज पर चल रहे पैथोलाजी लेब

# ब्लड रिपोर्ट आई पाजीटिव और निगेटिव भी, कैसे होगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

सरकारी पैथालॉजी और सरकारी डाक्टर द्वारा सत्यापित टेस्ट रिपोर्ट के अलग अलग होने का दिलचस्प मामला सामने आया है। इस घटना के साथ स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में नीम हकीम की तर्ज पर शहर में चल रहे आधा दर्जन पैथलाजी लेब की पोल खुलकर सामने आ गईं है। इस आशय के खुलासे के बाद भी स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक बनकर लोगों के बेमौत मरने का इंतजार कर रहा है।

पता चला है कि स्वास्थ्यगत परेशानी के बाद एक व्यक्ति उपचार कराने निजी डाक्टर के पास गया था। लक्षण देखकर डाक्टर ने टायफाइड टेस्ट कराने की सलाह दी थी। डॉक्टर की सलाह पर उसने 13 अप्रैल को प्रायवेट पैथालॉजी सेंटर में टेस्ट कराया तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वही 15 अप्रैल को सरकारी अस्पताल की लेब में जांच होने पर रिपोर्ट मे टाइफाइड निगेटिव होने की पुष्टि की गई। दो रिपोर्ट सामने आने के बाद बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया कि किस रिपोर्ट को सही मना जाए। दोनों में से किसी एक रिपोर्ट को सही मानकर उपचार करना जानलेवा साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि शहर में आधा दर्जन पैथालाजी लेब संचालित है। कलेक्शन सेंटर के नाम पर लेब चला कर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## गलत रिपोर्ट से उपचार सवालों के घेरे में




### नहीं हो रही जांच

बिना डिग्री के पैथोलॉजी लैब और कथित डाक्टरों द्वारा क्लीनिक का संचालन पूरे क्षेत्र में किया जा रहा है किन्तु स्वास्थ्य विभाग जांच और कार्रवाई करने के बजाए उन्हे पनाह दे रहा है। इस मामले को लेकर कई बार सवाल खड़े हो चुके हैं। किंतु स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने में रत्ती भर भी रुचि नहीं दिखा रहा है।

### बिना डिग्री के लेब संचालन

जानकारी के अनुसार पैथालाजी लेब खोलने के लिए मास्टर आफ पैथालाजी की डिग्री होना आवश्यक हैं। शहर सहित ब्लाक में चल रहे पैथलाजी लेब के किसी भी संचालक के पास यह डिग्री हैं। सभी लेब नीम हकीम की तर्ज पर चल रहे हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व मे रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने के एवज मे एक डाक्टर को डेढ़ लाख सालाना दिया जाता था। वर्तमान में लेब संचालको द्वारा बीएमओ डॉ रागिनी चंद्रे से कथित हस्ताक्षर से रिपोर्ट जारी किया जा रहा है। रिपोर्ट देखे बिना ही बीएमओ के डिजिटल साइन का उपयोग कर रिपोर्ट जारी किया जा रहा है।

### मासूम को पिलाया एक्सपायरी दवा

कुछ महीने उल्टी होने पर बच्ची के माता पिता उसे सरकारी हॉस्पिटल ले गए थे। देर रात तक कवायद करने के बाद भी संबंधित डाक्टर उपचार करने नहीं पहुंचा। उपचार के नाम तैनात नर्स ने तीन महीने पहले एक्सपायर हो चुका सिरप पिला दिया था। साइड इफेक्ट नहीं होने के कारण यह मामला दब गया था। इसी प्रकार एक महिला के गर्भ में जुडवा बच्चा होने की पुष्टि होने पर 800 के बजाए 1600 रूपए वसूल लिया गया था।



# पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुईं विधायक

- कथा सुनने उमड़ रही आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कारीमाटी में 11 दिवसीय 18 से 28 अप्रैल तक पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित की गई है। जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुई। जिस पर ग्रामवासी द्वारा विधायक श्रीमती भावना का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

वहीं विधायक श्रीमती भावना बोहना ने पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में परिक्रमा व विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना कर आर्शीवाद लिया। इस दौरान ओम यदु, सुरेश दुबे, कृष्ण चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

इस पंच कुण्डीय महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ कथा वाचक बाल व्यास पं भोलेश्वर शास्त्री महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का रसपान ग्रामीण क्षेत्रवासियों को कराया जा रहा है, वहीं ग्रामीण भक्तजन कथा अमृत रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है। वहीं 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ कथा के आयोजन से ग्राम कारीमाटी सहित आसपास के क्षेत्रवासियों में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

# पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस की टीम मुख्यमंत्री निवास घेराव में हुई शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में बढ़ रहे अपराध व बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले को लेकर रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का निवास घेराव किया गया, जिसमें पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी शामिल हुए, कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सहप्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अभितेश शुक्ला, शिव डहरिया, विधायक अटल श्रीवास्तव ने संबोधित किया। वहीं पंडरिया ब्लॉक से मनीष शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, सुजीत कुम्भकार, रामकुमार गायकवाड़, वीरेंद्र जांगड़े, आशु साहू, सुजल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर के कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

# गन्ना फसल का भुगतान नहीं मिलने से ग्रामीण किसान परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के अंतर्गत संचालित सरदार वल्लभ पटेल शक्कर कारखाना में ग्रामीण किसानों की गन्ना फसल की भुगतान नही होने से ग्रामीण चिंतित व परेशान है। प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुना करने पर जोर दे रही है वहीं पर गन्ना किसानों की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ग्रामीण किसान अपनी गन्ना फसल के पैसों के लिए मोहताज बना हुआ है। लेकिन किसानों की समस्याओं पर मरहम लगाने वाला कोई नहीं है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना पेराई सत्र से लेकर ग्रामीण किसान पर्चियों की समस्या से जूझ रहा था, लेकिन अब गन्ना फसल भुगतान की समस्या से जूझ रहे है। ग्रामीण किसानों ने कहा कि फसल बोंवाई के लिए डीजल से लेकर खाद दवाई हर चीज नगद मिलती है। मजदरों को मजदूरी तक नगद देनी पड़ती है, वहीं गन्ना फसल की भुगतान समय से न मिलने से किसान परेशान व चिंतित हैं। किसानों को गन्ना फसल का भुगतान सही समय से न मिलने से समस्या का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि शादी-ब्याह के लिए साहूकार से उचित ब्याज तथा अपनी जमीन भी गिरवी तक रखनी पड़ जाती है। अगर किसानों को गन्ने की फसल का भुगतान समय से मिल जाए तो किसान को आर्थिक समस्याओं से निजात मिल सकती है। ग्रामीणो किसानों ने बताया कि सरकार ने चुनावी वादे में 14 दिन में गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान दिए जाने का वादा किया था, लेकिन गन्ना किसानों के लिए इस वादे पर सरकार खरा नहीं उतर पाई। आज किसान अपने ही गन्ने की फसल के पैसे के लिए मोहताज तथा इधर-उधर भटकने मजबूर है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द गन्ना फसल की भुगतान की मांग की गई।

# पंडरिया में अवैध चखना दुकानों पर संयुक्त कार्रवाई जारी



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पालिका पंडरिया में दूसरे दिन भी अवैध चखना दुकानों पर राजस्व विभाग तहसीलदार व पुलिस विभाग तथा नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। जिसमें गांधी चौक से हरी नाला एवं कुकदूर रोड चखना दुकानों पर राजस्व विभाग तहसीलदार की उपस्थिति में पुलिस विभाग नगर पालिका की संयुक्त कार्यवाही कर पुनः बंद कराया गया। कुछ दुकानें सील किया गया है, ट्रैफिक अव्यवस्था व अवैध कब्जे पर कार्यवाही की गई। वहीं पंडरिया क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित चखना दुकानों पर सघन जांच एवं कार्यवाही की गई साथ ही साथ इसके अतिरिक्त दुकानों में पाए गए अवैध सामग्री की जब्ती की कार्यवाही भी की गई।

# गेहूं से भरा ट्रक पलटा चालक-परिचालक सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

सोमवार को सड़क अतरिया और कुकुरमुडा चौक के मध्य गेहूं से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा में वाहन एवं माल का नुक़सान हुआ किन्तु चालक-परिचालक सुरक्षित हैं।

जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश से गेहूं भर कर ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 8812 टेडेसरा जा रहा था। सुबबह लगभग साढ़े 6 बजे सड़क अतरिया से निकलकर कुकुरमुडा चौक पहुंचने से पहले सड़क किनारे पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक में गेहूं भरा था जो एक तरफ से झुक रहा था। वाहन चालक बैलेंस बना कर वाहन को नियंत्रित कर पाता इससे पहले वह पलट गया। इस हादसा में चालक- परिचालक को मामूली चोट आई है।

### ओवर लोड़ की जांच नहीं

इस हादसे का कारण वाहन का ओवर लोड़ होना बताया जा रहा है। राजनांदगांव कवर्धा तथा नर्मदा से साल्हेवारा मार्ग में विभागीय जांच नहीं होने से ओवरलोड़ वाहन बेधड़क चलते हैं जिनकी रफ्तार भी काफी तेज होती है। आपातकाल में वाहन को नियंत्रित नहीं हो पाते तथा दुर्घटना हो जाती है।

### परशुराम जयंती पर दो दिन तक होंगे कार्यक्रम

**डोंगरगढ़ ।** विप्र भवन में ब्राम्हण समाज की बैठक हुई, जिसमें आगामी 29 एवं 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती मनाने का निर्णय लिया गया।

पहले दिन 29 अप्रैल को महिलाओ के लिए रंगोली, थाल सजाओ प्रतियोगिता, मोमबत्ती जलाना सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी बच्चों के लिए ड्राईंग, पेंटिंग, जलेबी दौड़, भगवान परशुराम के जीवन पर निबंध, चौपाई, दोहा सहित अन्य धर्मिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दूसरे दिन सुबह ब्राम्हण बटुकों का उपनयन संस्कार, सुंदर कांड के बाद शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण किया जाएगा। विप्र भवन में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के पश्चात पुरुस्कार वितरण, मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान प्रसादी वितरण किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष अनिल पांडेय, दुर्गेश शुक्ला, युवराज शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, अमिताभ पांडे, ललित शर्मा, चंद्रमणि ओझा, महेंद्र शर्मा, प्रमोद शुक्ला, आदि उपस्थित थे।

# जिले की 20 पंचायत होगी डिजिटल

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र खोलने का स्वागत किया है। इस पहल से गाँव के लोगों को सुविधा मिलेगी। ग्रामीण एक जगह से नगद सेवा, खाते से राशि का आहरण, जमा, अन्य खाते में ट्रांसफर, बिजली पानी का भुगतान, रेलवे टिकिट, छात्र वृत्ति का लाभ उठा सकेंगे। लोगों को अपने छोटे कार्यों के लिए जिला, ब्लाक मुख्यालय या बैंक नहीं जाना पडेगा। सभी कार्य अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र से होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1460 पंचायत में यह सुविधा होगी। प्रत्येक ब्लाक की 10 पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सेवा शुरू किया जा रहा है। खैरागढ़ ब्लाक में बलदेवपुर, चारभाटा, चिचोला, देवरीभाट, ढोलिया कंहार, गर्रापार जोरातराई, मुतेड़ा, मुढ़ीपार, जूनवानी, छुईखदान ब्लाक में आमगांव, बागुर, चोभर, धोधा, कोपरो, खादी, संडी, कुम्भरवाडा, पेंडरवानी, रामपुर में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

# कवर्धा प्रवास के दौरान विविध कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को एक दिवसीय कवर्धा प्रवास दौरे पर रहे, वहीं उपमुख्यमंत्री के आगमन से ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह व ग्रामवासियों द्वारा गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। वहीं विभिन्न सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझा और ग्रामीणों द्वारा अपने-अपने गांव में सरकार की योजनाओं और सुविधाओं को लेकर चर्चा भी की। जिस पर श्री शर्मा ने लोगों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्यरत है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, मनीराम साहू, जयराम साहू, अमित वर्मा सहित जनप्रतिनिधि गण तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# जयंती पर निकाली शोभायात्रा, मंच निर्माण के लिए दो लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेवा



ग्राम केकराजबोड़ में परिक्षेत्र स्तरीय भक्त कर्मा माता जयंती महोत्सव का आयोजन परिक्षेत्रीय साहू समाज करमतरा, ग्राम पंचायत सलोनी एवं ग्राम इकाई केकराजबोड़ के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। अध्यक्षता टीलेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि गिरधारी साहू, घम्मन साहू, सौरभ साहू, खेमराज जैन, पुरानिक वर्मा, दशरथ बघेल थे। इस मौके पर कवि दूजराम साहू, पद्मा साहू ने मनमोहक प्रस्तुति दी।



## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण कथा का समापन आज

**कवर्धा।** कलेक्टर कालोनी कवर्धा स्थित नर्मदेश्वर शिव के मंदिर मे मैत्री महिला मंडली द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा 14 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है जो नौ दिवसीय होगी। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न कथा प्रसंगों को सारगर्भित रूप में महाराज द्वारा पुराण का श्रवण कराया जा रहा है। संगीत मय कथा व्यास पं. गौरीशंकर शर्मा की कथा सुनने लोगों की भीड़ उमड़ रही हैं। तेज धूप तथा गर्मी में भी लोग बड़ी श्रद्धा भक्ति से कथा श्रवण कर रहे है। आयोजन मण्डल से मिली जानकारी के अनुसार शिव महापुराण कथा का समापन 22 अप्रैल को किया जाएगा।

### सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से

**कवर्धा।** । सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाए जाएंगे। प्रत्येक 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य शिविर लगाकर आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर की तारीखों की सूचना एसएमएस व पावती पर्ची के माध्यम से आवेदक तक पहुंचाई जाएगी। जिन मामलों का समाधान शिविरों में संभव होगा, उनका वहीं त्वरित निराकरण किया जाएगा। शेष मामलों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाएगा। प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है।


**मौसम :** तेज धूप के साथ गर्म हवा के थपेड़ों की मार झेल रहे लोग

# लोगों को झुलसा रही भीषण गर्मी, लगातार बढ़ रहा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा सहित अंचल में दिन ब दिन ग्रीष्म ऋतु का मौसम रौद्र रूप लेते जा रहा है। जिसकी मार और तपिस लोगों को अप्रैल माह में ही झेलना बेहद मुस्किल हो रहा है। लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तपिश में हालत ऐसे हो चले हैं की सुबह से ही चिलचिलाती और चटख धूप के बीच भगवान भास्कर उदय हो रहे हैं और सूर्यास्त के पूर्व तक आग उगल रहे हैं उस पर गर्म हवा के थपेड़े लोगों को सुबह से लेकर देर रात तक झुलसा रहे हैं। भीषण वैशाख मास में ग्रीष्म ऋतु के इस तेवर को देख लोग सहम रहे और सोचने पर विवश है मई, जून और इस नवतपा में क्या हाल होगा। उल्लेखनीय है कि इन दिनो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में भीषण गर्मी की मार देखने को मिल रही है और इससे कवर्धा जिला भी अछूता नहीं है। स्थिति ये है कि भोर फटने के साथ ही आसमान से आग बरसना शुरू हो जाती है जो दोपहर होते-होते जीवलेवा हो रही है। इन विपरीत हालातों में इन दिनो लोगों का जीना मुहाल हो गया है। भीषण गर्मी के इस मौसम में न तो एसी काम कर रहा और न ही कूलर। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय खोज रहे हैं। इन सब के बीच मौसम विभाग ने जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि घर से निकलते समय अपने आप को पूरी तरह से सुरक्षित कर ही बाहर निकले। वैसे दोपहर के 12 बजे से 3 बजे तक लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई है। क्योंकि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लू और गर्मी अपने चरम पर होती है और इस वजह से खुद को लू के कारण बीमार होने से बचाना जरूरी है। मौसम विभाग की माने तो लोगों को और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

### ग्राम परसवारा का पारा 45 डिग्री




कहने को यह वैशाख मास चल रहा है और अभी मई, जून और मई माह में पड़ने वाले नवतपा बाकी है। लेकिन इस वर्ष गर्मी ने अपना रौद्र रूप अभी से दिखाना शुरू कर दिया है। ग्रीष्म ऋतु के तेवर के लिहाज से सोमवार 21 अप्रैल की स्थिति की बात की जाए तो इस दिन कवर्धा का तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके अलावा जिले के कई मैदानी ईलाकों का तापमान तो दोपहर के समय 45 डिग्री छू रहा है। जिले के कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम परसवारा में आज दोपहर का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया। इन हालातों में समझा जा सकता है कि इंसानों के साथ पशु-पक्षियों का क्या हाल हो रहा होगा।



### बढ़ते तापमान के बीच बिजली गुल, कुई सब स्टेशन की बिजली आपूर्ति दिनभर रही ठप

एक तरफ जहां कवर्धा सहित समूचे जिलेवासी इन दिनो भीषण गर्मी, उमस और तपिस से हलाकान तथा परेशान है वहीं दूसरी तरफ रही सही कसर अंचल की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था पूरी कर रही है। क्या शहरी और क्या ग्रामीण तथा वनांचल इन दिनो प्रायः सभी क्षेत्र के उपभोक्ता भीषण गर्मी के साथ बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। विद्युत विभाग की माने तो भार अधिक आने के कारण फाल्ट आ रहे हैं। जिन्हे शिकायत मिलते ही तत्काल दुरूस्थ किया जा रहा है। वहीं जिले के कई ग्रामों के ग्रामीणों ने बताया कि दिनभर बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण उन्हें दिनभर गर्मी की मार तो झेलनी ही पड़ती है साथ ही पानी के लिए भी भटकना पड़ता है।

# नगर पंचायतों में न बस स्टैण्ड न यात्री प्रतीक्षालय

■ भीषण गर्मी में यात्री हो रहे हलाकान व परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहने को तो जिले में पांच नगर पंचायत हैं लेकिन एक स. लोहारा को छोड़ दिया जाए तो शेष चार नगर पंचायतों में वर्षो बाद भी न तो बस स्टैण्ड बन पाया है और न ही यात्री प्रतिक्षालय। जिसके चलते यात्रियों को इस भीषण गर्मी के दिनो में भारी परेशानी हो ही रही है साथ ही बस स्टैण्ड के आभाव में बस चालकों द्वारा सड़कों पर कहीं भी वाहन खड़े करने से दुर्घटनाओं की भी संभावना बनी रहती है। गौरतलब है कि शासन ने बोड़ला, पाण्डातराई, पिपरिया, इंदौरी को नगर पंचायत का दर्जा तो दिया है लेकिन यात्री सुविधा के लिहाज से देखा जाए तो वर्षो बाद भी इन नगर पंचायतों को उपेक्षित रखा गया है। बात अगर राष्ट्रीय राज मार्ग 12 ए में स्थित नगर पंचायत बोड़ला की कि जाए तो बोड़ला को नगर पंचायत का दर्जा मिले करीब वर्षो बीत चुके हैं। लेकिन आज तलक इस नगर पंचायत में न तो बस स्टैण्ड बन पाया है और न ही यात्री प्रतिक्षालय। यहां तक यात्रियों की सुविधा के लिए न तो कहीं पेयजल का इंतजाम किया गया है और न ही शौचालय का। जबकि इस तहसील मुख्यालय से मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ आने जाने वाली बसों सहित दूसरे मार्गो की दर्जनों बसें चौबिसों घंटे गुजरती हैं। इन तमाम आभावों के चलते यात्रियों को कहीं पेड़ के नीचे तो कहीं हॉटल अथवा दुकानो में बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बारिश तथा गर्मी के दिनों में महिलाओं तथा बच्चों को सार्वधिक परेशानी उठानी पड़ती है। बोड़ला नगर पंचायत की ही तरह नगर पंचायत पाण्डातराई में बस स्टैण्ड तथा यात्री प्रतिक्षालय का आभाव हैं। यहां भी पाण्डातराई से पंडरिया, लोरमी, बिलासपुर, बोड़ला, कवर्धा मार्ग की यात्रा करने वाले यात्रियों को यहां वहां बसों का इंतजार करते देखा जा सकता है। शादी ब्याह के इस सीजन में इन यात्रियों को विशेष कर महिलाओं व बच्चों को चिलचिलाती धूप में बसों की बाट जोहना खासा तकलीफ दायक साबित हो रहा है। कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग पर स्थित नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में कहने को तो वर्षो पूर्व बस स्टैण्ड बन चुका है लेकिन इसका लाभ लोगों को आज तलक नहीं मिल पा रहा है और यात्री यहां भी हलाकान परेशान नजर आते हैं। मुख्य मार्गो में बसी नगर पंचायतों का जब ये हाल है तो नगर पंचायत पिपरिया की तो बात ही नहीं की जा सकती। बहरहाल वर्षो पूर्व नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त इन नगर पंचायतों में यात्री सुविधाओं के लिहाज से शासन का यह उपेक्षित रवैया कहीं न कहीं उसके विकास के दावों को कमजोर करता दिखाई दे रहा है।

# नहीं थम रही शिक्षकों व प्रधानपाठकों की लापरवाही

## बोड़ला के स्कूल में लटका रहा ताला, भटकते रहे बच्चे




■ जिम्मेदार चार घंटे भी नहीं चला पा रहे है सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

जिले की सरकारी स्कूल शिक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। वर्तमान में नए शिक्षा सत्र के तहत गत 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्कूलों का संचालन किया जा रहा है लेकिन आलम ये है कि जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर ब्लाक मुख्यालयों तक में सरकारी स्कूलों के प्रधान पाठक और शिक्षकों ने तो स्वयं अपनी पदांकित शालाओं में जा रहे हैं और न ही उनके द्वारा स्कूलों को खोला जा रहा है।

जिससे स्कूली बच्चों की पढ़ाई लिखाई तो प्रभावित हो ही रही है साथ ही बच्चों को शासन की योजना के तहत मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बोड़ला से महज कुछ कदमो की दूरी पर संचालित आदिवासी बालक आश्रम विद्यालय में सुबह 08.50 बजे ताला लटका मिला जो खुला ही नही था। यहां बताना लाजिमी होगा कि भीषण गर्मी के चलते शासन के आदेश के तहत विद्यालयों का समय सुबह 07.30 से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

ऐसे में विद्यालय में ताला लगे रहना शिक्षा और शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शिक्षा विभाग के नाक के नीचे विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला में सरकारी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था का ये आलम है तो फिर वनांचल व दूरदराज के ग्रामीण स्कूलों का क्या हाल होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस खस्ताहाल स्कूल व्यवस्था को लेकर जब विभाग के अधिकारी हरिकृष्ण नायक से बात की गई तो उन्होंने प्रधानपाठक के ऊपर उचित कार्यवाही की बात की। उनसे पूछा गया की किन कारणों के चलते स्कूल बंद है तो उन्होंने बताया की मुझे कोई जानकारी नही है। उस विद्यालय मे पढने वाले बच्चों से पूछा गया की स्कूल क्यों नही गए तो बच्चों ने बताया की कोई भी शिक्षक व प्रधान पाठक नहीं आए जिसके कारण स्कूल बंद है। माना जा रहा है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में अधिकारी की अनुपस्थिति इसका सबसे बड़ा कारण है जिसके चलते ऐसी स्थिति निर्मित होते रहती है।

इस लापरवाही पर जब अधिकारियों से बात करो तो पता चलता है फिल्ड में है, ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब अधिकारी दौरे पर रहते तो फिर स्कूल में ताला क्यों लटका है। गौरतलब है कि अभी हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा में भी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान करीब आधा दर्जन सरकारी स्कूल बंद मिले थे और स्कूल के शिक्षण व प्रधान पाठक स्कूलों से गायब पाए गए थे। जिनके विरूद्ध कार्यवाही भी की गई थी।

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में तत्काल हो अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों में तत्काल अवकाश घोषित करने की मांग किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में जिले और प्रदेश में तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी अनुकूल नहीं है। उन्होंने बताया कि इस असहनीय गर्मी में बच्चों को स्कूल आने-जाने और कक्षाओं में बैठने में काफी परेशानी हो रही है। उच्च तापमान के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन, लू लगने और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। टीचर्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से तत्काल इस मामले में संज्ञान लेने और छात्रों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों में अविलंब अवकाश घोषित करने का आग्रह किया है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है और इस भीषण गर्मी में स्कूलों का संचालन करना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होगा। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी इस जायज मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा और जल्द ही स्कूलों में अवकाश घोषित करने का आदेश जारी करेगा, जिससे बच्चों को राहत मिल सके।

## किसानों की सफलता...



**कवर्धा।** हाल ही में भारतीय किसान संघ की मांग के बाद जिले के विकासखण्ड स.लोहारा की लंबित पड़ी सुतियापाट नहर नाली विस्तारीकरण कार्य का किया गया शुभारंभ

# जिला कबीरधाम प्राइवेट स्कूल संघ के नवीन कार्यकारणी का चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कबीरधाम प्राइवेट स्कूल संघ के नवीन कार्यकारिणी का गठन गत दिनो नगर के अभ्युदय स्कूल में सम्पन्न कराया गया। इस निर्वाचन प्रक्रिया में जिले के सभी निजी विद्यालय के संचालकों ने भाग लिया। निर्वाचन प्रक्रिया का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा कर किया गया। तत्पश्चात जिला संरक्षक से रामशरण चंद्रवंशी, सपन चोपड़ा और आशीष अग्रवाल ने सर्वसम्मती से निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ की। जिला कबीरधाम प्राइवेट स्कूल संघ की नवीन कार्यकारणि में अश्वनी श्रीवास को पुनः बहुमत मिला और वे जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए। संगठनात्मक इकाई का निर्माण करते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जिला संयोजक के रूप संजय सिंह और केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड जिला संयोजक के रूप में आदित्य चंद्रवंशी का चयन किया गया। इसी प्रकार सर्वसम्मती से लक्ष्मण चंद्रवंशी को जिला सचिव और जिला उपाध्यक्ष के लिए डॉ. अतुल देव वर्मा, शिवनारायण यादव, वीरेंद्र गेंड्रे, सद्धाम खान और द्वारिका चंद्रवंशी को चुना गया। कार्यकारिणी को पूर्ण करते हुए जिला कोषाध्यक्ष के लिए राजूराम सिन्हा, सहसचिव कमलेश चंद्रवंशी और लोमश चंद्रवंशी को सर्वसम्मती से निर्वाचित किया गया। इसी प्रकार जिला मीडिया प्रभारी के पद का दायित्व अवधेश देवांगन को दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया पश्चात चयनित सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया व आगामी कार्ययोजना हेतु कार्यभार प्रदान किया गया।



# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पाढ़ी रोड पर बीते रविवार को रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को नायब तहसीलदार संजय मोध्या ने पकड़ा है।


ट्रैक्टर में हाफ नदी से रेत भरकर केशली गोड़ान ले जाया जा रहा था। इस संबंध में मिली प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक जप्त ट्रैक्टर को पंडरिया थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर धर्मेंद्र पिता रज्जू चला रहा था। यह ट्रैक्टर शाहरुख खान का है। गौरतलब है कि इस दिनो अंचल की हाफ नदी में बड़ी मात्रा में अवैध तरीके से रेत उत्खनन हो रहा है। यह रेत ईंट बनाने के लिए निकाली जा रही है। ग्राम बिशेषरा, डोमसरा और अखरा सहित कई जगहों पर जेसीबी मशीनों की मदद से नदी से रेत निकाली जा रही है।

पंडरिया ब्लॉक के वनांचल गांवों में नदियों से अवैध तरीके से निकालने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। सूत्रों के मुताबिक रोज ट्रैक्टर-ट्रालियों में नदियों से रेत की ढुलाई कर इसे डंप किया जा रहा है और महंगे दाम में बेची जा रही है। कबीरधाम जिले की नदियों में रेत खनन की मंजूरी नहीं है। फिर भी रोज 30 से 40 ट्रिप रेत की चोरी हो रही है। इसे लेकर खनिज विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। माना जा रहा है कि प्रशासन को इस पर अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने की जरूरत हैं।

**जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा ने पात्र हितग्राहियों को दी योजना की जानकारी**

# मोर दुआर साय सरकार अभियान, जिपं सदस्य ने किया खड़ौदा का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिनो जिला पंचायत सभापति पूर्णिमा मनीराम ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम खड़ौदा में प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राहियों से मुलाकात की और उन्हें केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मोर दुआर साय सरकार महाअभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिला पंचायत सभापति ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सर्वे किया जा रहा है, जिससे किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 30 अप्रैल तक अपना सर्वे जरूर कराएं। श्रीमती साहू ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने क्षेत्र के पात्र हितग्राही का प्रतीकात्मक सर्वे किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि 30 अप्रैल तक चलने वाले इस सर्वे में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। जो परिवार रोजगार के लिए बाहर हैं, वे भी समय निकालकर गांव लौटें और अपना सर्वे करवाएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। यह अभियान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीनों को पक्का मकान मिल सकेगा। इस अवसर पर लालचंद साहू दूजेराम साहू सरपंच खड़ौदा कला टीकाराम साहू कामता निर्मलकर रोजगार सहायक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कबीरधाम जिले की लखपति दीदी चुन्नी कुम्भकार ने मिट्टी से गढ़ी आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना ने नारी सशक्तिकरण की एक नई कहानी लिखी है। इस योजना ने जहाँ हज़ारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है, वहीं बोड़ला विकासखंड के रेंगाखारकला गांव की श्रीमती चुन्नी कुम्भकार की प्रेरणादायक यात्रा इस बदलाव की एक जीवंत मिसाल बन गई है। एक समय मिट्टी के साधारण बर्तन बनाकर गुजर-बसर करने वाली चुन्नी आज लखपति दीदी के नाम से जानी जाती हैं। श्रीमती चुन्नी कुम्भकार की मेहनत यह दर्शाता है कि यदि हुनर को सही मंच और सहयोग मिले, तो ग्रामीण महिलाएँ भी सफलता की बुलंदियां छू सकती हैं। श्रीमती चुन्नी कुम्भकार पहले घरेलू उपयोग के लिए मिट्टी के बर्तन, दीये और मूर्तियाँ बनाकर स्थानीय बाजारों में बेचती थीं। आमदनी बेहद कम थी, जिससे परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा था। लेकिन सरकार की बिहान योजना ने उनकी जिंदगी की दिशा ही बदल दी। जब वे गौरी महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं, तो उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार तक पहुंच जैसी अनेक सुविधाएँ प्राप्त हुईं। इससे उन्हें अपनी कला को निखारने और व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर मिला। चुन्नी कुम्भकार ने राज्य व जिला स्तरीय मेलों जैसे भोरमदेव महोत्सव और सरस मेला में भाग लेकर न केवल अपने उत्पादों को नई पहचान दी, बल्कि पारंपरिक मिट्टी शिल्प को भी एक नया बाजार दिलाया। उनकी सालभर की मेहनत रंग लाई और उन्होंने कुल 1 लाख 80 हजार रुपये का विक्रय किया, जिसमें 1 लाख 20 हजार रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। उनकी यह सफलता यह प्रमाणित करती है कि परिश्रम और योजना का सही संगम आत्मनिर्भरता की सशक्त राह बनाता है।